प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर एवं गाजियाबाद।

**राजस्व अनुभाग—11** **लखनऊ : दिनांक : 01 मार्च,2022**

**विषयः—यूक्रेन में उत्पन्न आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत यूक्रेन से वापस आने वाले उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों/व्यक्तियों के लिए व्यवस्था के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि यूक्रेन में उत्पन्न आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत यूक्रेन से उत्तर प्रदेश के निवासी विद्यार्थी/व्यक्ति आपरेशन गंगा के तहत विभिन्न फ्लाइट्स से वापस आ रहे हैं।

2. यूक्रेन से वापस आने वाले उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों/व्यक्तियों को भारत वापस पहुंचने पर निम्नानुसार कार्यवाही की जायेगीः—

(1) यूक्रेन से वापस आने वाले उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों/व्यक्तियों की सुविधा हेतु इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, नई दिल्ली पर हेल्प डेस्क की स्थापना स्थानिक आयुक्त, उ0प्र0, नई दिल्ली के निर्देशन में की जायेगी, जिसमें गौतमबुद्धनगर एवं गाजियाबाद जनपदों के जिलाधिकारियों द्वारा अधिकारियों की तैनाती आवश्यकतानुसार की जायेगी।

(2) इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, नई दिल्ली आने वाले विद्यार्थियों/व्यक्तियों को उनके निवास स्थल पर भेजे जाने में अथवा अन्य आवश्यक व्यवस्था पर होने वाले व्यय हेतु रू0 1.00 करोड़ (रू0 एक करोड़ मात्र) की धनराशि जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर एवं रू0 1.00 करोड़ (रू0 एक करोड़ मात्र) की धनराशि जिलाधिकारी, गाजियाबाद के निवर्तन पर आवंटित की जा रही है। जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा उक्त आवंटित रू0 एक करोड़ की धनराशि में से स्थानिक आयुक्त को भी व्यय हेतु आवश्यकतानुसार धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी।

3. उक्त पर होने वाले व्यय का वहन अनुदान संख्या–51 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक–2245–प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत–05–स्टेट डिजास्टर रिस्पान्स फण्ड–800–अन्य व्यय–06 स्टेट डिजास्टर रिस्पान्स फण्ड से व्यय–09–राज्य सरकार द्वारा घोषित अन्य आपदाओं हेतु स्टेट डिजास्टर रिस्पान्स फण्ड से व्यय–42–अन्य व्यय से किया जायेगा।

कृपया उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

भवदीय,

1.3.22

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या–58(1)/एक–11–2022 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. स्टॉफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. स्थानिक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली।
5. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
6. सचिव, राजस्व एवं राहत आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
7. नोडल अधिकारी, बजट।
8. वरिष्ठ एवं वित्त लेखाधिकारी, राहत आयुक्त कार्यालय।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

# Allotment Grid Report

**वित्तीय वर्ष**:-2021-2022
**आवंटन दिनांक**-02/03/2022

**प्रेषण संख्या:-** 58
**आवंटन आदेश संख्या:-** 204-2021-2022
**अनुदान संख्या:-** 51 राजस्व विभाग (दैवी विपत्तियों के सम्बन्ध में राहत)(वित्तीय वर्ष 2021-2022 का आवंटन)
**लेखाशीर्षक:-** 2245 - प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत(आयोजनेत्तर-मतदेय)
05 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड
800 - अन्य व्यय
06 -
09 - राज्य सरकार द्वारा घोषित अन्य आपदाओं हेतु स्टेट डिजास्टर रिस्पांश फण्ड से व्यय

**(धनराशि रु. में)**

| S.No. | अधिकारी/जनपद का नाम | | 42-अन्य व्यय | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गाजियाबाद-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 10000000<br>48650000 | 10000000<br>48650000 |
| 2 | गौतमबुद्ध नगर-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 10000000<br>50450000 | 10000000<br>50450000 |
| | **योग** | वर्तमान<br>प्रगामी | 20000000<br>99100000 | 20000000<br>99100000 |

**महायोग-** (वर्तमान आवंटन):- रूपया दो करोड़
**महायोग-** (प्रगामी आवंटन):- रूपया नौ करोड़ इकानवे लाख

(अखिलेश प्रताप सिंह)
**वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी**

(अखिलेश प्रताप सिंह)
वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी
राहत आयुक्त कार्यालय
उ० प्र० शासन।